महाराणा प्रताप जयंती

[स्रोत: पी.आई.बी]

प्रधानमंत्री **ने 9 मई 2025** को वीर योद्धा **महाराणा प्रताप** की जयंती के अवसर पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की।

- महाराणा प्रताप **का** जन्म **9 मई 1540 को राजस्थान के कुंभलगढ़** में हुआ था। **वे मेवाड़ के 13वें शासक** और **उदय सिंह द्वितीय के सबसे बड़े पुत्र** थे।
- **महाराणा उदय सिंह द्वितीय ने चित्तौड़** को अपनी राजधानी बनाकर **मेवाड़ राज्य** पर शासन किया और वे **उदयपुर शहर के संस्थापक भी थे।**
- हल्दीघाटी का युद्ध **(18 जून 1576) महाराणा प्रताप** और मुगल सम्राट **अकबर** के सेनापति **आमेर के राजा मान सिंह** के बीच हुआ था ; यद्यपि महाराणा प्रताप ने बहादुरी से युद्ध किया, फिर भी वे **मुगल सेना से पराजित हो गए।**
- **वर्ष 1579** के बाद महाराणा प्रताप ने **पश्चिमी मेवाड़ पर पुनः अधिकार कर लिया और** डूंगरपुर के पास **चावंड** में अपनी **नई राजधानी** स्थापित की।
- **19 जनवरी 1597** को उनकी मृत्यु हो गई और उनके पुत्र **अमर सिंह ने उनका स्थान लिया**, जिन्होंने वर्ष 1614 में सम्राट **जहांगीर के अधीन समर्पण कर दिया।**

और पढ़ें: महाराणा प्रताप की जयंती

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/maharana-pratap-jayanti-1